प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा द्वारा ₹1,247 करोड़ जुटाने के लिए पहली बार परपेचुअल बॉण्ड जारी, ₹24.48 करोड़ कर वापस मिला

नई दिल्ली, 19 मार्च 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने 8.40% की वार्षिक कूपन दर पर ₹1,247 करोड़ की राशि के लिए अपने पहली बार परपेचुअल बॉण्ड जारी किया है । यह ऐतिहासिक पहल मौजूदा सहायक बाजार स्थितियों का लाभ उठाते हुए कंपनी की पूंजी संरचना को अनुकूलित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

यह परपेचुअल बॉण्ड जारी करना एक रणनीतिक कदम है जिसका उद्देश्य इरेडा की टियर-I पूंजी को और अधिक बढ़ाना है, जिससे भारत के हरित ऊर्जा बुनियादी ढांचे के तेजी से विस्तार का समर्थन करने के लिए एक मजबूत वित्तीय आधार सुनिश्चित हो सके।

इस उपलब्धि के अलावा, इरेडा को 19 मार्च 2025 को आयकर विभाग से आकलन वर्ष (एवाई) 2011-12 के लिए आयकर आयुक्त (अपील) द्वारा कुछ अस्वीकृतियों से संबंधित आंशिक राहत के लिए ₹24.48 करोड़ की वापसी प्राप्त हुई है। सीआईटी (अपील) द्वारा आकलन वर्ष 2010-11, 2012-13, 2013-14 और 2015-16 से 2018-19 के लिए प्रदान की गई समान राहत के लिए लगभग ₹195 करोड़ का रिफंड प्रक्रियाधीन है, जोकि अभी प्राप्त होना बाकी है।

इस बारे में सफलपूर्वक जारी करने के बारे में टिप्पणी करते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि, "यह इरेडा के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। हम निवेशकों के उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। इस परपेचुअल बॉण्ड के माध्यम से हमारे पूंजी आधार को और अधिक मजबूत करने से हम अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण के लिए और अधिक बढ़ा सकेंगे, जिससे भारत के स्वच्छ और अधिक सतत भविष्य की ओर कदम बढ़ने के लिए तेजी आएगी।"